निर्णय बईजलास डॉ0 भारती दीक्षित आई0ए0एस0जिला कलक्टर,झालावाड़

मिसल न0 74 /अपील/21

M/S ADSOL

Proprietor Tushar Bhasin

Plot no 14 Basement shop no 3,Transport nagar,Jaipur

Versus

Dean,Jhalawar Medical College

Appeal under section 38 of RTPP Act read with Rule 83 of RTPP Rules

उपस्थितः– अपीलान्ट स्वंय या उनके प्रतिनिधी उपस्थित नही
डॉ.मयंक सरवाग, रेस्पोडेन्ट प्रतिनिधि

–: निर्णय :– दिनांकः 05.04.2022

अपील जर्ये अभिभाषक अन्तर्गत धारा 38 RTPP Act rule 83 के तहत झालावाड़ मेडिकल कॉलेज द्वारा विभिन्न उपकरणों हेतु ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 02/2021–22 क्रमांक जेएमसी/क्रय/2021/2750–57 दिनांक 07.08.2021 को आमत्रित किये गये टेण्डर के क्रम में प्रार्थी का टेण्डर प्रा0पत्र टेक्निकल आधार पर दिनांक 02.11.2021 को निरस्त कर दिये जाने से असन्तुष्ट होकर प्रस्तुत की गई है। अपील मीमों में निवेदन किया गया है कि अपीलान्ट द्वारा नियमानुसार टेण्डर प्रा0पत्र फाईल किये गये थे किन्तु दिनांक 02.11.2021 को अपीलान्ट को टेण्डर रिजेक्ट होने की जानकारी प्राप्त हुई । जिस पर अपीलान्ट द्वारा मेडिकल कॉलेज में दिनांक 02.112021 को प्रा.पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत टेण्डर पर विचार करने का निवेदन किया गया जिस पर दिनांक 10.11.2021 को फर्म M/S Adsol, jaipur के द्वारा प्रस्तावित 2D Echo Machine Tender Specifications के अनुरूप नही माना जाकर फर्म को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर फर्म द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर विचार नही किया गया । अपील स्वीकार कर आदेश दिनांकः 02.11.2021 जिसके द्वारा टेण्डर निरस्त किया गया को अपास्त कर अपीलान्ट का टेण्डर प्रक्रिया में शामिल किया जावे।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेन्ट को जरिये नोटिस तलब किया गया। रेस्पो0 की और से डॉ.मयंक सरवाग उपस्थित हुए ।

दौराने बहस अपीलान्ट या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नही हुए। रेस्पोडेन्ट की और से डॉ. मयंक सरवाग उपस्थित हुए। बहस सुनी। रेस्पोडेन्ट के प्रतिनिधी द्वारा व्यक्त किया कि रेस्पोडेन्ट द्वारा ई टेण्डर आमिन्त्रित किये गये थे जिसमें आर टी पी पी रूल्स की पालना की जानी थी । उन्होने व्यक्त किया कि उक्त निविदा सूचना के क्रम में 2D Echocardiography Machine हेतु 03 निविदाएं ऑनलाईन प्राप्त हुई जिसमें से निर्धारित समय तक बिड सिक्यूरिंग डिक्लेरेशन, निविदा शुल्क व निविदा प्रकिया शुल्क के डी.डी.प्रस्तुत करने के आधार पर अपीलान्ट व एक अन्य फर्म M/S DeAsh trade Net Private Ltd, New Delhi की तकनीकी निविदा खोली गई। M/S

Adsol,jaipur द्वारा Quoted 2D Echocardiography Machine को Tender Specification के अनुरूप नही होने से '' NO TEE Echo Matrix Probe'' नोट के साथ disapproved अंकित कर फर्म को तकनीकी रूप से अयोग्य किया जाकर उनके द्वारा प्रस्तुत बिड नही खोली गई जो नियमानुसार किया गया है। दिनांकः 25.10.2021 को गीतांजली मेडिकल कॉलेज,उदयपुर में फर्म द्वारा रेस्पोडेन्ट के प्रतिनिधि डॉ0मयंक सरवाग को तकनीकी निविदा में Quoted Model-Vivid E-95 Make-Ge का डेमोस्ट्रेशन दिया गया । फर्म द्वारा प्रस्तुत तकनीकी बिड में संलग्न Catalog Model- Vivid E- 95 Make- GE में भी 4D TEE Matrix Prob का उल्लेख नही है ।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया व बहस पर मनन किया। प्रकरण के अवलोकन से जाहिर होता है कि 2D Echocardiography Machine हेतु जारी की गई निविदा में मशीन के स्पेशिफिकेशन्स के बिन्दु संख्या 24 में 4D TEE Matrix Probe मांगा गया है । फर्म M/S Adsol,jaipur द्वारा प्रस्तुत तकनीकी निविदा में 6 VT-D Probe अंकित किया गया है जो कि Matrix Probe नही होकर Volume Probe है । रेस्पोडेन्ट के प्रतिनिधि के समक्ष गीतांजली मेडिकल कॉलेज उदयपुर में दिये गये डेमोस्ट्रेशन में भी चाहा गया स्पेशिफिकेशन्स नही पाया जाने पर ही तकनीकी कमेटी द्वारा फर्म को तकनीकी रूप से अयोग्य किया जाना जाहिर है। उपरोक्त विवेचन से अपील अपीलान्ट सारहीन होने से खारिज की जाती हैं। पत्रावली फेसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 05.04.2022 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. भारती दीक्षित)
जिला कलक्टर,
झालावाड